मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-203
16/04/2021

मुख्यमंत्री ने चैती छठ के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 16 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने चैती छठ के अवसर पर राज्यवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि छठ आत्मानुशासन का पर्व है, जिसमें लोग आत्मिक शुद्धि और निर्मल मन से अस्ताचल और उदयीमान भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चैती छठ राज्यवासियों के लिये सुख, समृद्धि एवं शांति लेकर आये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुये हर व्यक्ति को सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। लोग सोशल डिस्टेंसिंग रखें एवं राज्य सरकार के निर्देशों का पालन करते हुये लोक आस्था के इस पर्व को मनायें।

******